17.09.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार:

- प्रधानमंत्री ने धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारंभ।
- प्रदेश में आज से स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन।
- मौसम विभाग ने बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट किया जारी।
- विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में नीरज चोपड़ा ने जेवलीन थ्रो स्पर्धा के फायनल में प्रवेश किया।

प्रधानमंत्री धार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज प्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने जिले के भैंसोला गाँव में देश के सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क की आधारशिला रखी। उन्होंने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की। उन्होंने राज्य के आदिवासी क्षेत्रों के लिए एक कार्यक्रम, आदि सेवा पर्व का भी उद्‌घाटन किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के सबसे बड़े इंटिग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास धार में हुआ है। इस पार्क से भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी और किसानों को उसकी उपज का सही मूल्य मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जाँच कराने का आग्रह किया।

इस अवसर पर राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सेवा पर्व

प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी का अत्यंत साधारण तरीके से जीवन की शुरुआत करके दुनिया की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक हस्तियों में से एक बनने तक का सफ़र असाधारण रहा है। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व को हर तरफ से प्रशंसा मिली है तो साथ ही उनके कार्यों ने जिज्ञासा भी जगाई है। और भारत और विश्व पर उनका क्या प्रभाव पड़ा है? इस विशेष प्रस्तुति में, हम आपके लिए चुनिंदा प्रतिष्ठित हस्तियों की राय लेकर आए हैं जो – एक व्यक्ति और एक प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपनी बात कह रहे हैं।

सेवा पर्व – विशेष कार्यक्रम

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में डीडी नेशनल और डीडी न्यूज़ के लिए सेवा पर्व पर कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज से सेवा पर्व मनाया जा रहा है। यह पर्व 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर, श्री वैष्णव ने कहा कि भारत ने दुनिया भर में एक नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने अपने जीवन के आरंभ से ही राष्ट्र निर्माण का कार्य किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राजनीति को देश की जनता की सेवा का माध्यम बना दिया है।

सेवा–पखवाड़ा

प्रदेश में "स्वच्छता ही सेवा–2025" अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इंदौर में आज से 2 अक्टूबर तक ई–वेस्ट संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अभियान का शुभारंभ करते हुए स्वच्छता की शपथ दिलाई..
छिन्दवाड़ा, मंदसौर,ग्वालियर,खंडवा,बैतूल,रतलाम,आगरमालवा सहित अन्य जिलों में भी सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा के अनुरुप इस महीने की 3 तारीख को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कमी की। **आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है।**

एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा युवाओं के कौशल विकास हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आकाशवाणी भोपाल में आज "एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम–2" का शुभारंभ सहकारिता, खेल एवं युवा मामले मंत्री विश्वास सारंग ने किया। इसके साथ ही श्री सारंग ने आकाशवाणी के 90 वें प्रसारण वर्ष के उपलक्ष्य में शहर के विभिन्न कालेजों में आयोजित एक दिन का आर जे प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को प्रमाणपत्र भी प्रदान किये। " इस मौके श्री सारंग ने कहा कि आप सभी प्रतिभागियों को एक ऐसा माध्यम मिला है जिसके माध्यम से आप समाज के नवनिर्माण को एक दिशा दे सकते हैं ।

मौसम

पिछले 24 घंटो के दौरान, प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में अनेक स्थानों पर बारिश दर्ज़ की गई । मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, नर्मदापुरम, इंदौर, उज्जैन,, ग्वालियर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, सागर सभागों के जिलों में बारिश होने या गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है।

**नीरज-एथलेटिक्स चैंपियनशिप 1900**

**विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में मौजूदा चैम्पियन नीरज चोपड़ा ने क्वालीफिकेशन के लिए 84 दशमलव पांच मीटर का आंकड़ा पार कर भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। नीरज ने आज क्वालीफिकेशन दौर में पहला ही थ्रो 84 दशमलव आठ-पांच मीटर का फेंका।**

**न्यू चंडीगढ में दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 293 रन का लक्ष्य दिया है।**

-----------------------------------